बिगड़ी श्याम बनाएगा | By Aarti Arora

बिगड़ी सारे भक्तों की श्याम ही बनाएगा
भक्तों के सारे दु:ख श्याम जान जायेगा
संकट दूर करने दौड़ा दौड़ा आएगा
बिगड़ी सारे..........

संकट दूर सारे वो ही करेगा
जो ना कहोगे बाबा उसे भी सुनेगा
बिना कहे बात तेरी बाबा जान जायेगा
बिगड़ी सारे..........

देख नज़ारा खाटूवाले के द्वार का
जग सारा भूखा मेरे श्याम जी के प्यार का
प्यार मिलेगा जब पास ये बुलाएगा
बिगड़ी सारे..........

श्याम जी के दर पे जो भी सर को झुकायेगा
मेरा प्यारा श्याम बाबा उसका हो जायेगा
आरती बुलाएगी तो श्याम मेरा आएगा
बिगड़ी सारे..........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%bf%e0%a4%97%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a5%80-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%ac%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%8f%e0%a4%97%e0%a4%be-by-aarti-arora/